प्रेस विज्ञप्ति

गो.ब. पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर, जिला–ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

"दिलचस्प वातावरण और ऊर्जा के साथ फ्रेशर्स पार्टी ने कॉलेज जीवन की शुरुआत कुछ ऐसे की"

विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के स्वागत हेतु फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। फ्रेशर्स के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अधिष्ठात्रा स्नातकोत्तर महाविद्यालय डा. के.पी. रावेरकर, अतिथि सहायक अधिशठाता, छात्र कल्याण डा. बी.एन. शाही, पूर्व अधिष्ठात्री डा. रीता सिंह रघुवंशी, अधिष्ठात्री डा. अलका गोयल, स्टाफ काउंसलर डा. शेफाली मेसे एवं को. स्टाफ काउंसलर डा. दिव्या सिंह भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के परीक्षा कक्ष में हुआ, जिसकी साज सजावट मंत्रमुग्ध करने वाली थी। इस कार्यक्रम की शुरुआत अतिथिगण ने दीप प्रज्ज्वलन से की। उसके बाद विश्वविद्यालय गीत के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ाया गया। प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा बहुत ही बेहतरीन तरीके से पूरे कार्यक्रम को संबोधित किया गया। कृष्णा वंदना ने तो जैसे मानो पूरे वातावरण में भक्ति के रंग घोल दिए हो, पहाड़ी धुन व पुराने गीतों पर पूरा हॉल झूम उठा। परीक्षा हॉल हर्ष एवं उल्लास के चंद पलों में अपनी खुशी की अभिव्यक्ति कर रहा था। विद्यार्थियों ने अपने प्रस्तुतियों द्वारा सारे अतिथियों का मन जीत लिया एवं क्षमताओं को भली–भांति प्रस्तुत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत ग्रुप सॉन्ग ने तो मानो कार्यक्रम में चार चांद ही लगा दिए हो, चारों तरफ तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा हॉल गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में अतिथिगण द्वारा मिस्टर एवं मिस फ्रेशर को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया एवं नए विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी।

फ्रेशर पार्टी में मंचासीन अतिथिगण।